Dainik Bhaskar (Indore), 08th September 2025, Page- 05

# आईआईटी इंदौर से पीएचडी के लिए प्रक्रिया शुरू, 28 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर में इस साल के ऑटम बैच यानी (सितम्बर-अक्टूबर से शुरू होने वाले) पीएचडी सत्र के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह प्रवेश इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और केमिकल इंजीनियरिंग के लिए अभी जारी हैं, वहीं अन्य ब्रांच के इंटरव्यू की प्रकिया जारी है।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 8 जून 2025 है, वहीं सिविल इंजीनियरिंग के लिए छात्र 28 अप्रैल 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। केमिकल इंजीनियरिंग विभाग ने 19 मार्च से आवेदन लेना शुरू किए, जिसकी आखिरी तारिख 5 मई है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के 22 प्रोफेसर हैं, जिनके साथ जुड़कर पीएचडी की जा सकती है। वहीं मैकेनिकल ब्रांच के 16 प्रोफेसर हैं। केमिकल इंजीनियरिंग में 5 प्रोफेसर हैं।

भारतीय छात्रों के लिए एडमिशन अलग-अलग श्रेणियों में दिया जाएगा। इसमें फेलोशिप अवॉर्डी, टीचिंग असिस्टेंट, स्पॉन्सर्ड, इंस्टिट्यूट स्टाफ, डिफेंस फोर्सेज और कॉलेज टीचर की श्रेणियां हैं। विदेश के छात्र भी यहां से पीएचडी करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंजीनियरिंग विभाग के 8, साइंस विभाग के 3, ह्यूमैनिटीज के 3 और दो अन्य विशेष विभागों में कॉलेज द्वारा पीएचडी करवाई जाती है।